समाचार

कलेक्टर के मार्गदर्शन में आयुष्मान व वयवंदन कार्ड बनाने चलेगा विशेष अभियान

(आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व एन.यू.एल.एम. के सामुदायिक संगठकों को कार्य के संबंध में दिया मार्गदर्शन)

कोरबा 24 दिसम्बर 2024 – कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में छुटे हुए लोगों का आयुष्मान कार्ड व वयवंदन योजना के कार्ड बनाए जाने हेतु 26 व 27 दिसम्बर को दो दिवसीय विशेष अभियान निगम क्षेत्र में संचालित होगा। आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के सभाकक्ष में मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व एन.यू.एल.एम. के सामुदायिक संगठकों व अन्य अधिकारी कर्मचारियों को कार्य के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया तथा विशेष अभियान की तैयारियों की समीक्षा की।

भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजना वयवंदन योजना के अंतर्गत 70 वर्ष व उससे अधिक आयु के समस्त वरिष्ठजनों को 05 लाख रूपये का स्वास्थ्य बीमा लाभ दिए जाने का प्रावधान हैं, इसके लिए हितग्राहियों का के.वाई.सी. कर उनका वयवंदन कार्ड बनाया गया था, इसके तहत छुटे हुए वरिष्ठजनों का वयवंदन कार्ड बनाने हेतु पुनः 26 व 27 दिसम्बर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसी प्रकार जिन नागरिकों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उनका आयुष्मान कार्ड भी इस अभियान के अंतर्गत बनेगा। आज आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं तथा एन.यू.एल.एम. के सामुदायिक संगठकों व महिला स्व सहायता समूह की सदस्यों

का उक्त अभियान के संबंध में मार्गदर्शन किया। उन्होने कहा कि इस विशेष अभियान में आप सबकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी, वरिष्ठजनों के वयवंदन कार्ड व आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के इस अभियान में आप अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करें तथा यह देखें कि कोई भी पात्र व्यक्ति इससे वंचित न रहें तथा शतप्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति की जाए। वयवंदन व आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हेतु डोर–टू–डोर टीम जाएंगी तथा छुटे हुए लोगों के कार्ड बनाए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करेगी। इसी प्रकार च्वाईस सेंटर भी उक्त कार्ड बनाए जाएंगे। इस दौरान इन सभी को अभियान के तहत किए जाने वाले कार्यवाहियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

बैठक के दौरान निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त पवन वर्मा, सिटी प्रोग्राम मैनेजर श्रीमती ज्योत्सना ग्वाल सहित मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, एन.यू.एल.एम. के सामुदायिक संगठक एवं महिला स्वसहायता समूह की सदस्याएं उपस्थित थी।